राज्यपाल मिश्र से द्रोणाचार्य की भूमिका निभाने वाले अभिनेता सुरेंद्रपाल सिंह ने की मुलाकात

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र से राजभवन में महाभारत धारावाहिक में द्रोणाचार्य की भूमिका निभाने वाले अभिनेता सुरेंद्रपाल सिंह ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

जैसलमेर-बाड़मेर के भाजपा में शामिल नेताओं ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रभावित होकर जैसलमेर एवं बाड़मेर के कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी नेताओं से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निवास पर मुलाक़ात की। इस

दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने सभी नये सदस्यों को चुनावों में जी जान से जुटने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जैसलमेर से नगरपरिषद सभापति हरि वल्लभ कल्ला, मोहनगढ़ के प्रधान कृष्ण मुकेश चौधरी, पूर्व प्रधान मूलाराम चौधरी, यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रहे मनोहर पाबडा ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बाड़मेर से राजस्थान विश्वविद्यालय की पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रभा चौधरी, पूर्व जिला परिषद सदस्य और पूर्व बार अध्यक्ष करणाराम चौधरी, सिद्धार्थ कड़वासरा और रमेश कड़वासरा ने सदस्यता ग्रहण की।

2026 तक कांग्रेस में कोई नहीं रहेगाः मुख्यमंत्री

शोणितपुर। मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि 2026 का चुनाव आते-आते कांग्रेस में कोई भी नहीं रह जाएगा। उन्होंने कहा कि शोणितपुर के कांग्रेस उम्मीदवार प्रेमलाल गंजू मुख्यमंत्री द्वारा एक फोन करने पर भाजपा में शामिल हो जाएंगे। मुख्यमंत्री यहां मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार को वोट देना राहुल गांधी को वोट देना है और भाजपा उम्मीदवार को वोट देने का मतलब नरेन्द्र मोदी को वोट देना है। जो लोग नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास रखते हुए देश को विश्वगुरू और विकसित भारत बनाना चाहते हैं वे निश्चित ही नरेन्द्र मोदी को वोट देंगे। वहीं, राहुल गांधी का खुद का कोई भविष्य नहीं है। ऐसे में राहुल गांधी को वोट देने का कोई लाभ नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी के नेता का ही कोई भविष्य नहीं हो, उसके समर्थकों का क्या भविष्य होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कोई भी रहने वाला नहीं है। कांग्रेस विधायक भरत नरह द्वारा पार्टी के पद से इस्तीफा देने के संदर्भ में मुख्यमंत्री डॉ सरमा ने कहा कि अब तक भरत नरह के साथ उनका कोई संपर्क नहीं हुआ है, इसलिए इस संदर्भ में कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी ऐसे नेता जो राष्ट्र निर्माण के लिए कुछ करना चाहते हैं, कांग्रेस छोड़कर निश्चित ही भाजपा में शामिल हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मीडिया में सिर्फ वरिष्ठ नेताओं के भाजपा में शामिल होने की खबरें ही आती है। जबकि, बूथ स्तर के हजारों-हजार कांग्रेस समर्थक भाजपा में प्रत्येक दिन शामिल हो रहे हैं।

लोहरदगा में ओलावृष्टि से भारी नुकसान

लोहरदगा। जिले के सेन्हा प्रखंड में आंधी-तूफान एवं ओलावृष्टि से भारी नुकसान हुआ है। रानीगंज बाजार में यात्री शेड पर पेड़ गिरने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। आज बाजार का दिन होने के कारण लोग रानीगंज बाजार गए थे। इस बीच तेज आंधी-तूफान एवं ओलावृष्टि होने लगी। लोग

बचने के लिए यात्री शेड में पहुंचे और वहां एक मोटा पेड़ गिर गया, जिसमें कई लोग और मवेशी भी दब गए। लोगों ने किसी तरह जान बचाई। वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके अलावा कई कच्चे मकान गिर गए और फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर में खेली होली

योगी ने कहा कि पर्व और त्योहारों की यह परंपरा बताती है कि सनातन धर्म शोक और संताप में नहीं, उत्सव और उमंग में विश्वास करता है

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरक्ष नगरी में होली खेली। मुख्यमंत्री ने आरती उतार कर भगवान नरसिंह की यात्रा की शुरुआत की। यात्रा के दौरान उन्होंने होली खेली। पुराने अंदाज में एक बार फिर योगी चश्मा लगाए हुए दिखे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पर्व और त्योहारों की यह परंपरा बताती है कि सनातन धर्म शोक और संताप में नहीं, उत्सव और उमंग में विश्वास करता है। सह अस्तित्व में विश्वास करता है। वसुधैव कुटुंबकम पर विश्वास करता है। सर्वे संतु निरामया के भाव के साथ जीता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां समाज सुखी हो होगा, समृद्ध होगा, सुरक्षित होगा, वहीं पर उत्साह और उमंग होगा। यह पर्व और त्योहार

इस बात को प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री योगी के यह कहते ही घंटा, ढोल, नगाड़ों और शंख की धुन गूंज उठी। गोरक्ष पीठाधीश्वर आगे कहते हैं कि इसलिए उत्साह और उमंग जैसे पर्व होली हमारे बीच हैं। योगी ने कहा कि जब कभी सनातन पर संकट आया है तो कोई न कोई अवतार सामने आकर नेतृत्व किया है। उन दुष्ट प्रवृत्तियों को जो सुरक्षा में बाधक हैं, समाज के विकास में बाधक हैं, उन सबको जवाब देकर अपने कार्य का विश्राम देकर हमारे जीवन यात्रा को उत्साह और उमंग से जोड़े हैं।

उन्होंने कहा कि होली भी एक ऐसा पर्व है। इस बार तो देश देश और दुनिया के अंदर जहां कहीं भी सनातन धर्मावलंबी हैं, उनका उत्साह और उमंग भी नई ऊंचाइयों को छूता हुआ दिखाई दे रहा है। कल आपने देखा होगा कि अयोध्या में 495 वर्ष के बाद रामलाल ने भी होली खेली है। कुछ लोग अयोध्या में शामिल होकर के भगवान की कृपा अपने ऊपर बरसाए हैं। आज भगवान नरसिंह की शोभायात्रा में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है

कैदियों की रिहाई को लेकर जेल मैनुअल का किया जाएगा पालन : मुख्य सचिव

देहरादून। मुख्य सचिव ने कहा कि जेल में बंद कैदियों की रिहाई को लेकर न्यायालय के निर्देश और जेल मैनुअल में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्रवाई की जायेगी। मंगलवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में न्याय विभाग और गृह विभाग के

अधिकारियों की समिति में जेल से कैदियों की समय पूर्व रिहाई पर विचार किया गया। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के निर्देश और उत्तराखंड जेल मैनुअल में निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। सर्वप्रथम, ट्रायल कोर्ट, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक से आख्या प्राप्त करके पुनः समिति के समक्ष विचार किया जाएगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल से अनुरोध किया जायेगा की सभी न्यायालयों को निर्देशित कर के प्राथमिकता पर आख्या भेजें।

सी-विजिल एप से आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन की करें शिकायत, होगी कार्रवाई

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 में आदर्श चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर रखी है। चुनाव आयोग ने आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन करने वालों से निपटने के लिए सी-विजिल एप को लांच किया है। इसको मोबाइल प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड कर संबंधित की शिकायत की जा सकती है। शिकायत मिलते ही चुनाव आयोग के अधिकारियों द्वारा संज्ञान लेते हुए कार्रवाई को अमल में लाया जाएगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने दी। उन्होंने बताया कि सी-विजिल एप से आदर्श चुनाव आचार संहिता को कायम रखने के उद्देश्य से विशेष तौर पर चुनाव आयोग द्वारा एप तैयार कराया गया है। इसका प्रयोग करना भी बड़ा आसान है और कोई व्यक्ति चुनाव में उल्लंघन करने की शिकायत दर्ज करा सकता है।

ऐसे करें सी-विजिल एप से आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन

की शिकायत कर सकता है। मोबाइल से प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत, लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है।

ऐसे करें शिकायत की निगरानी

आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉगिन करके नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकता है।

क्या नाम और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है?

सी-विजिल एप पर शिकायत करने हेतु नाम व मोबाइल नम्बर की कोई बाध्यता नहीं है, लेकिन शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम व मोबाइल नम्बर देता है तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकता है।

शिकायत निवारण की प्रक्रियाः शिकायत निस्तारण की नियत समयावधि 100 मिनट है। शिकायत दर्ज होने पर सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत को निर्धारित करके सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर अग्रसारित किया जाता है तथा सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है।

सी-विजिल एप में दर्ज होने वाली शिकायत

आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट व कूपन वितरण, शराब वितरण आदि शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी परिवाद अंकित किये जाते हैं।

जीवेगो सो खेलेगो के साथ हुआ बरसाना के 40 दिवसीय होली महोत्सव का समापन

मथुरा। बरसाना की लाडली श्रीराधारानी के आंगन में 40 दिवसीय होली उत्सव का समापन हो गया। इस बीच श्रीराधारानी ने अपने गर्भगृह से बाहर निकलकर भक्तों पर कृपा का सागर उड़ेला।

बरसाना में होने वाली प्रसिद्ध लड्डू व लठामार होली तथा फाग महोत्सव का शुभारंभ बंसत पंचमी के दिन से लाडली जी मंदिर में ध्वज रूपी डाढ़ा गाढ़कर किया जाता है। चालीस दिवसीय इस होली महोत्सव के आनंद के रंग में श्रद्धालु बड़े भाव से राधाकृष्ण की इन लीलाओं का आनंद लेते है। गोस्वामी समाज के लोगों द्वारा मन्दिर परिसर में फाग महोत्सव का अन्तिम पद जीवेगो

सो खेलेगो... गाकर चालीस दिवसीय होली धमार का समापन कर दिया। इसके साथ ही ढप, मृदंग, झांझ आदि अगले वर्ष के लिए रख दिए गए। शाम पांच बजे बृषभान नंदनी के डोला को सेवायत कंधों पर उठाकर मंदिर परिसर में बनी संगमरमर की सफेद छतरी में विराजमान किया। होली महोत्सव के अंतिम दिन राधा-कृष्ण की युगल जोड़ी के दर्शन करके श्रद्धालुओं ने अपने आपको कृतार्थ माना। बृषभान नंदनी भी अपने भक्तों पर कृपा का सागर उड़ेल रही थी। शाम सात बजे लाडली जी के डोले को वापस मंदिर में ले जाया गया। इसके उपरांत गोस्वामी समाज की कन्याओं द्वारा आरती की गई। वहीं श्यामा प्यारी के नजदीक से दर्शन करने के लिए श्रद्धालु बेताब नजर आ रहे थे। पूरा मंदिर परिसर राधा-कृष्ण के जयघोष से गुंजेयमान हो उठा।

चावल फैक्ट्री में लगी आग, भारी नुकसान की आशंका

बांकुड़ा। जिले के उन्दा इलाके में स्थित एक चावल फैक्ट्री में सोमवार सुबह भयावह आग लग गयी। इस अग्निकांड में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है। आग पर अभी भी पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, तड़के चार बजे उन्दा के एक चावल फैक्ट्री में आग लग गई। यहां से सरकारी रियायती कीमतों पर चावल खरीदा और बेचा जा रहा था। स्थानीय लोगों ने आग जलते देखा और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।अग्निशमन विभाग के मुताबिक, प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है।

बस्तर में होली पर्व पर निभाई गई छह सौ साल पुरानी परंपरा

रायपुर। बस्तर में माड़पाल में छह सौ साल से चली आ रही परंपरा के साथ बस्तर दशहरे की तर्ज पर रथ यात्रा निकाली गई और उसके बाद विधि विधान से होलिका दहन कर रविवार रात से होली के पर्व की यहां शुरुआत हुई। इस आयोजन में बस्तर राज परिवार के सदस्य शामिल हुए और उन्होंने बस्तर के देवी देवता की पूजा कर लोगों की सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा।

बस्तर के माड़पाल में विशाल रथ बस्तर दशहरे में तैयार किए जाने वाले रथ की तरह तैयार किया गया। बस्तर के इस होली उत्सव में बस्तर राजपरिवार के सदस्य कमलचंद्र भंजदेव ने हिस्सा लिया। रविवार की रात होलिका दहन के वक्त चार चक्कों वाले विशालकाय रथ की परिक्रमा शुरू हुई। इस रथ पर बस्तर राज परिवार के सदस्य कमलचंद्र भंजदेव बैठे।दंतेवाड़ा में फाल्गुन पूर्णिमा के समय होलिका दहन किया जाता है। होलिका दहन के बाद दंतेवाड़ा से आग के अंगार को माड़पाल लाया गया और रात के करीब 12 बजे राजपरिवार के सदस्य ने मावली देवी की पूजा की और माड़पाल में होलिका दहन किया। माड़पाल में होलिका दहन के बाद अंगार को जगदलपुर शहर में लाया गया। उसके बाद दंतेश्वरी मंदिर और मावली मंदिर के सामने होलिका विधि पूर्वक होलिका दहन किया गया। इस तरह रबस्तर में होली का पर्व शुरू हो गया।

होलिका दहन के पहले बस्तर के आराध्य देवियों की पूजा अर्चना की गई।इस दौरान परंपरा निभाने के लिए 12 परघना के देवी देवता भी शामिल हुए। इस होलिका दहन कार्यक्रम में रथ निर्माण समिति, मांझी चालकी, 12 परघना के लोग और होली समिति के लोगों ने अपना योगदान दिया। बस्तर राज परिवार के सदस्य कमलचंद्र भंजदेव ने बताया कि परंपरा सन 1423 में शुरू हुई थी।

मुजफ्फरपुर में संदिग्ध हालात में एक की मौत, दो के आंखों की रोशनी गई

पटना। बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट थाना क्षेत्र स्थित ककड़ियां गांव में एक मजदूर की संदिग्ध हालात में मौत हो गयी जबकि दो मजदूरों के आंखों की रोशनी चली गयी। लोग जहरीली शराब पीने की आशंका जता रहे हैं बताया गया है कि ककड़ियां गांव के 35 वर्षीय उपेंद्र राय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी जबकि 26 वर्षीय संतोष और 24 साल के सुधीर के आंखों की रोशनी चली गयी है। संतोष और सुधीर का इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। तीनों मजदूर गांव के ही ठेकेदार अवधेश कुमार के अंदर काम करते थे। 19 मार्च को ठेकेदार अवधेश ने तीनों को काजी मोम्मदपुर थाना क्षेत्र के दामू चक स्थित वीआईपी कॉलोनी में एक नवनिर्मित मकान में काम करने के लिए भेजा था। दिनभर तीनों ने काम किया और शाम में पार्टी करने चले गये। इनके साथ और भी मजदूर थे।

बताया गया है कि पार्टी करने के बाद ये लोग वहीं सो गये। अगले दिन तीनों की तबीयत बिगड़ गयी। तीनों को आंख से धुंधला दिखने लगा। इस दौरान उपेंद्र राय की मौत हो गयी जबकि दो मजदूरों को दिखाई देना बंद हो गया, जिसके बाद दोनों को प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। दोनों किस अस्पताल में भर्ती है इसका पुलिस पता लगा रही है।उपेंद्र राय के पिता जयलाल राय का कहना था कि उपेंद्र मुजफ्फरपुर शहर में राजमिस्त्री के साथ मजदूर का काम करता था। पिछले सप्ताह गांव के ही ठेकेदार अवधेश राय काम कराने के लिए शहर ले गया था। शहर में तीन-चार मजदूरों ने चुलाई शराब पी थी। इनमें हथौड़ी के अमनौर माधोपुर का भी सुधीर कुमार शामिल था। शराब पीने के बाद तीनों की तबीयत खराब हो गयी। इसके बाद तीनों को ठेकेदार अवधेश राय ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया। अवधेश उसे छोड़कर चला आया। उसने उपेंद्र की पत्नी को इसकी जानकारी दी। जयलाल ने कहा कि अगले दिन अवधेश को मोबाइल पर कॉल कर पूछा तो उसने बताया कि उपेंद्र की तबीयत ठीक है। उसने अस्पताल जाने से भी मना किया। उसके मना करने पर भी वह सदर अस्पताल पहुंचा तो उसका पुत्र अकेले पड़ा था। चिकित्सकों ने उपेन्द्र की आंखों की रोशनी जाने की बात कही। चिकित्सकों ने श्रीकृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल ले जाने की सलाह दी। अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

हिमाचल प्रदेश में भाजपा ने दो लोकसभा सीटों पर उतारे नए चेहरे, मंडी से कंगना रनौत को टिकट

शिमला। लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में बची दो सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। देर शाम जारी सूची में भाजपा ने दोनों सीटों पर नए चेहरों को उतारा है। मंडी लोकसभा सीट से मशहूर फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत और कांगड़ा से वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर राजीव भारद्वाज को टिकट मिला है। भाजपा शिमला और हमीपुर सीट पर पहले ही उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। इस तरह हिमाचल की सभी चारों सीटों पर उम्मीदवारों के चयन में भाजपा ने कांग्रेस को पछाड़ दिया है। कांग्रेस ने अब तक किसी भी सीट पर उम्मीदवार का एलान नहीं किया है।

भाजपा ने मंडी लोकसभा सीट से कंगना रनौत को उम्मीदवार बनाकर चौंका दिया है। इसके साथ ही कंगना रनौत की राजनीति में एंट्री हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के गृह जिला वाली इस लोकसभा सीट पर वर्तमान में कांग्रेस का कब्जा है और भाजपा इस सीट पर दमदार उम्मीदवार की तलाश कर रही थी। कंगना रनौत का जन्म 23 मार्च, 1987 मंडी जिला के सरकाघाट उपमण्डल के भाँवला पंचायत में हुआ था। वह हिन्दी फिल्मों की एक प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। कंगना रनौत का मंडी संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले मनाली में भी आशियाना है। कंगना रनौत अपने बयानों के लिए खासी चर्चा में रहती हैं। वह अपने सियासी बयानों में भाजपा का पुरजोर पक्ष लेती रही हैं।

कंगना रनौत की पिछले कुछ समय से हिमाचल प्रदेश में काफी सक्रियता नजर आई है। हिमाचल में बीते वर्ष आई आपदा के दौरान उन्होंने आपदा राहत कोष में पांच लाख रुपये का अंशदान किया था। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को कोसते हुए सोशल मीडिया पर लिखा था कि सरकार का आपदा कोष संचालित नहीं हो रहा है। कई बार ऑनलाइन पैसा देने का प्रयास किया गया लेकिन पैसे ट्रांसफर नहीं हुए। कंगना ने कुछ समय पहले ही बिलासपुर में आरएसएस के सोशल संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया था और अपना संबोधन हिमाचल प्रदेश की जनता के समक्ष रखा था। उधर, भाजपा ने कांगड़ा लोकसभा सीट पर मौजूद सांसद किशन कपूर का टिकट काट दिया है। भाजपा ने इस सीट पर ब्राह्मण चेहरे डॉक्टर राजीव भारद्वाज को उम्मीदवार बनाया है। डॉ राजीव भारद्वाज भाजपा के वर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष है और लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़े हैं उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया है। राजीव भारद्वाज पूर्व सरकार में कांगड़ा कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनका जन्म 9 फरवरी 1963 को हुआ थम। वह मूलतः कांगड़ा जिला के नूरपुर के रहने वाले है। राजीव भारद्वाज निजी चिकित्सक के रूप में कार्य करते है।

बता दें कि हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा सीटें हैं। इनमें मंडी, कांगड़ा, शिमला और हमीरपुर सीट शामिल हैं। भाजपा हमीरपुर व शिमला सीटों पर मौजूदा सांसदों अनुराग ठाकुर और सुरेश कश्यप को उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य चारों सीटों पर जीत हासिल की थी। हालांकि 2021 में मंडी लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। तब कांग्रेस की प्रतिभा सिंह ने भाजपा के ब्रिगेडियर खुशहाल सिंह को परास्त किया था।

कार से मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में तीन युवकों की मौत

रायपुर /अंबिकापुर। उदयपुर थाना क्षेत्र में सूरजपुर मार्ग में रात अर्टिगा कार से मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में बाइक में सवार तीन युवकों की मौत हो गई।सिर में गंभीर चोट के कारण एक युवक की मौके पर मौत हो गई । दो घायलों को रायपुर रिफर किया गया था। रायपुर पहुंचने से पहले रस्ते में ही उनकी मौत हो गई ।चारों युवक खरसुरा गांव से होली खेलकर लौट रहे थे।

उदयपुर थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर ने बताया कि सोमवार शाम करीब 8 बजे उदयपुर से दो किलोमीटर दूर ग्राम पलका के पास सूरजपुर की ओर जा रही तेज गति की अर्टिगा कार मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार चार युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे। सिर में गंभीर चोट के कारण शिवनगर निवासी एक युवक रवि किंडो की मौके पर मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। दो घायलों को रायपुर रिफर किया गया था। रायपुर पहुंचने से पहले रास्ते में ही उनकी मौत हो गई । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मोटरसाइकिल में चार युवक सवार थे। इनमें से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था।इनमें दो युवक श्रीनगर(शिवनगर) निवासी रवि किंडो, संदीप एवं दो युवक ग्राम सलवा के रहने वाले हैं। एक घायल विनय का उपचार उदयपुर उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है।